दिन– सोमवार  दिनांक– 16 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से उद्यमों के विकास के लिए माहौल बनाने और आम जन को परेशानी से बचाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था सरल बनाने को कहा।

02. पटना जिला प्रशासन ने बीपीएससी परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा केन्द्र पर हुये हंगामे की जांच रिपोर्ट आयोग को सौंपी। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई को लेकर आज होगी बैठक।

03. महान तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जतायी गहरी संवेदना।

04. और, प्रदेश में आज से पूरबा हवा चलने की सम्भावना। ठंड में होगी कमी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से छोटे शहरों में उद्यमियों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने और उन्हें सुविधा प्रदान करने के लिए पहल करने को कहा है। कल नई दिल्ली में राज्यों के मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री मोदी ने राज्यों से अनुपालन को सरल बनाने को कहा ताकि लोगों को उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने मुख्य सचिवों से राज्यों को जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शासन के मॉडल में सुधार करने को कहा। श्री मोदी ने यह भी कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही आम लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में सूचित करना भी महत्वपूर्ण है। दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के तेरह से पन्द्रह दिसंबर तक तीन दिवसीय सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि भारत के सेवा क्षेत्र, खासकर छोटे शहरों की क्षमता का दोहन करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

———————————————————————

वन नेशन वन इलेक्शन से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाने की सम्भावना है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सदन में एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम संशोधन विधेयक पेश करेंगे।

———————————————————————

देश में छब्बीस जनवरी, उन्नीस सौ पचास को संविधान अंगीकार किए जाने के अगले साल पचहत्तर वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में दो दिन की विशेष चर्चा आज से

राज्यसभा में शुरू होगी। शुक्रवार और शनिवार को लोक सभा में भी संविधान पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल राज्यसभा में इसका जवाब देने की संभावना है। भाजपा ने राज्यसभा के अपने सभी सदस्यों को व्हिप जारी कर चर्चा के दौरान आज और कल सदन में उपस्थित रहने को कहा है।

———————————————————————————

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने तीन राष्ट्रीय जलमार्गों पर मालढुलाई को बढ़ावा देने के लिए जलवाहक योजना की शुरुआत की। इसका उद्देश्य गंगा, ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों से जुड़े जलमार्गों पर लंबी दूरी की मालढुलाई को प्रोत्साहित करना है। इस योजना से तीन सौ किलोमीटर से अधिक दूरी तक माल ढुलाई के लिए देशी जलमार्गों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। श्री सोनोवाल ने कहा कि जलमार्ग से माल ढुलाई किफायती और पर्यावरण अनुकूल है, इसलिए सरकार इसे बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे रेलवे और सड़क मार्ग पर यातायात का दबाव भी कम होगा।

———————————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा केन्द्र पर हुये हंगामे की जांच रिपोर्ट आयोग को सौंप दी है। बीपीएससी के वरीय अधिकारी इस जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई को लेकर आज बैठक करेंगे। और ब्यौरे के साथ हैं हमारी सम्वाददाता

———बाईट———

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ उपद्रवी छात्रों ने परीक्षा रद्द कराने के लिए सोची–समझी साजिश के तहत हंगामा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हंगामे में कुछ कोचिंग संस्थानों की भूमिका भी हो सकती है, जिसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही प्रशासन ने भविष्य में बापू परीक्षा केन्द्र पर होने वाली परीक्षाओं को लेकर अनुशंसा भी की है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक तल को अलग केन्द्र बनाया जाए और अलग केन्द्राधीक्षक तथा दंडाधिकारी की तैनाती हो। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षक और वीक्षकों की तैनाती जिला प्रशासन की देख–रेख में करने का सुझाव दिया गया है ताकि बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। भीड़ को संबोधित करने के लिए परिसर में अच्छी गुणवत्ता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने का भी सुझाव दिया गया है।

इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान हंगामा करने वालों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया है।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में एक अस्पताल को आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया जायेगा। केन्द्र सरकार के निर्देश पर आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था शुरू की जायेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के माध्यम से इस संबंध में कार्ययोजना तैयार की जायेगी। स्वास्थ्य

विभाग के आधिकारिक के अनुसार कि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सामान्य स्वास्थ्य सुविधाएं और जांच की व्यवस्था उपलब्ध होगी।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में नामांकन कम होने पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में वर्ष दो हजार बाईस–तेईस की तुलना में वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में पहली से पांचवी कक्षा तक नामांकन में छह लाख की कमी दर्ज की गयी है।

———————————————————————————

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के पौधशालाओं में आठ करोड़ से अधिक पौधे तैयार किये जायेंगे। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री कुमार ने कहा कि राज्य में वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक बीस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। वहीं, उन्होंने किसानों और जीविका दीदियों की और से पौधशाला स्थापित करने को लेकर आये आवेदनों पर भी तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

———————————————————————————

प्रदेश के दो हजार नौ सौ चौंतीस पैक्स में जल्द ही कॉमन सर्विस सेंटर काम करने लगेगा। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक सौ बीस पैक्स में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने की भी तैयारी है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को दिन के ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी सुझाव साझा किये जा सकते हैं। लोग सत्ताईस दिसम्बर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

———————————————————————————

महान तबला वादक जाकिर हुसैन का कल रात अमरीका में निधन हो गया। वे तिहत्तर वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वे रक्तचाप संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक श्रद्धांजलि।

———रिपोर्ट———

जाकिर हुसैन के निधन पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी संवेदना जतायी है।

————————————————————————

आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को देश भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहा है। इस युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान एक अलग देश बांग्लादेश बना।

————————————————————————

प्रदेश में आज से हवा के रूख में परिवर्तन होने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार पछुआ की जगह पूरबा हवा बहने से अगले चार दिनों के दौरान ठंड में कमी आयेगी। वहीं, सुबह के समय राज्य के कई भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, कल जमुई में शीतलहर की स्थिति देखी गयी। यहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जायेगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री आर्लेकर तैंतीस छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। इसमें उन्नीस छात्राएं हैं।

————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि हमें अपनी संस्कृति और कलाओं को जीवंत रखने की दिशा में काम करना चाहिए। श्री आर्लेकर भागलपुर महोत्सव के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भागलपुर की वैश्विक पहचान है और इसे आगे बढाने के लिए लोगों को सामूहिक प्रयास करना होगा।

————————————————————————

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने अपनी वेबसाईट का पता बदल दिया है। आयोग की नई वेबसाईट का पता है– बीपीएसएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आईएन।

————————————————————————

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर कृष्णानंद झा का देवघर में निधन हो गया। वे लगभग अस्सी वर्ष के थे। कृष्णानंद झा पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा के पुत्र थे।

उन्होंने अविभाजित बिहार में कांग्रेस के टिकट पर मधुपुर विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व किया था।

———————————————————————————

मधेपुरा के घैलाढ में आयोजित बारहवीं बिहार राज्य सीनियर महिला हैंड बॉल प्रतियोगिता में सारण की टीम विजेता बनी है। सारण ने बेगूसराय को सत्रह–नौ से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

———————————————————————————

खगड़िया में एनएच इकतीस पर चैधा के पास एक टैक्ट्रर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गयी। वहीं, गया जिले के फतेहपुर में एक चार पहिया वाहन और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में मोटरसाईकिल सवार पिता–पुत्र की मौत हो गयी।

———————————————————————————

सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के मखदुम सराय लहेरा टोली में स्थानीय लोगों ने रंगदारी मांगने आये दो युवकों की पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

पटना के एनटीपीसी थाना क्षेत्र अन्तर्गत महमदपुर स्थित एक लोहे की फैक्ट्री में हुये हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयी।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बीपीएससी परीक्षा में उपद्रव करने वालों पर कार्रवाई होगी। पटना जिला प्रशासन ने बिहार लोक सेवा आयोग की भेजी बापू परीक्षा केन्द्र की जांच रिपोर्ट।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पैंतालीस दिन से कम एक्सपायरी डेट वाले किसी भी खाद्य पदार्थों की नहीं की जाए डिलीवरी।

प्रभात खबर लिखता है– पुरवैया का असर अगले चार दिनों तक कुछ कम ठंड लगेगी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– ग्रामीण बैंकों का होगा विलय, अब नया नाम बिहार ग्रामीण बैंक होगा।

राष्ट्रीय सहारा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– सवा साल में नक्सल मुक्त होगा देश।

आज अखबार लिखता है– रक्सौल में करोड़ों रूपये का ई–सिगरेट जब्त।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से उद्यमों के विकास के लिए माहौल बनाने और आम जन को परेशानी से बचाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था सरल बनाने को कहा।

02. पटना जिला प्रशासन ने बीपीएससी परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा केन्द्र पर हुये हंगामे की जांच रिपोर्ट आयोग को सौंपी। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई को लेकर आज होगी बैठक।

03. महान तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जतायी गहरी संवेदना।

04. और, प्रदेश में आज से पूरबा हवा चलने की सम्भावना। ठंड में होगी कमी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।